रक्त दान भी राष्ट्रशभक्ति करते रहें रक्तरदान : डॉ. अवधेश अग्रवाल

- नागरिक सुरक्षा के 61वें.स्थापना दिवस पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में 51लोगों ने किया रक्तरदान

गोरखपुर, 11दिसम्बर । नागरिक सुरक्षा ने स्थापना के61वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस उपलक्ष्यल में प्रदेश व सम्पूर्ण भारत में स्थापना दिवस धूमधाम से मना रहा है।

इसी शृंखला में आज गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में नागरिक सुरक्षा, कोतवाली प्रखंड, गोरखपुर के तत्वाथवधान में रक्तकदान शिविर का आयोजन हुआ।

इस पावन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ब्लड बैंक प्रभारी एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के 61 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में जिन लोगों ने रक्तअदान किया है वे अत्यंयत पूण्यर के भागी हैं। उनके रक्त से किसी न किसी को जीवनदान मिलेगा। रक्तनदान भी राष्ट्रवभक्ति है। हमें निरंतर रक्तीदान करते रहना चाहिए।

इसी क्रम में डिवीजनल वार्डेन, कोतवाली विकास जालान ने कहा कि आज हम सभी नागरिक सुरक्षा का 61 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं।उन्हों ने युवा वार्डेन साथियों से क्रांतिकारियों के सपनों का भारत के निर्माण में योगदान के लिए आह्वान किया। चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के एक-एक वार्डेनों को समाज में जवानों की तरह सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक-दूसरे के सुख-दु:ख में शामिल होना चाहिए। समाज को नई दिशा देने में योगदान देकर एक सशक्ते राष्ट्रज का निर्माण हम लोग कर सकते हैं।

उप नियंत्रक, सत्यप्रकाश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश ने अनेक झंझावतों का सामना किया है, इसके बावजूद विश्वं के मंच पर लगातार अपना लोहा मनवा रहा है। हमें आजादी को अक्षुण्णि रखने हेतु सतत सतर्क रहना होगा।

सहायक उप निरीक्षक वेद प्रकाश यादव ने भी अपने विचार व्योक्तस किए।

इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी, डॉ.ममता जायसवाल ने बताया कि रक्त।दान शिविर में नागरिक सुरक्षा कोर के कीर्ति रमन दास,सौरभ सिंह,साधना श्रीवास्तव,रितिका मिश्रा, जितेन्द्र नाथ अग्रवाल,जाकिर हुसैन,अमन जायसवाल सहित 51रक्तदाताओं ने रक्त्दान किया है। पूरे ब्लअड बैंक परिवार के लिए आनंद का विषय है। उन्होंवने लोगों से नियमों का पालन करते हुए रक्तगदान हेतु आह्वान किया।

शिविर में गोरखनाथ मंदिर के वीरेंद्र सिंह एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्ल ड बैंक टेक्निकल सुपरवाइजर अमित मिश्रा ने किया ।

ब्लड बैंक के टेक्नीशियन चन्द्रेश्वर यादव, गिरीश पाठक,तूलिका श्रीवास्तव, घनश्याम पाण्डेय, सतीश, कौशल, संदीप, वार्डेन सेवा से महबूब सईद,संतोष श्रीवास्तव, नैय्यर आलम का सहयोग सराहनीय रहा।

अतिथियों, वक्ताैओं व रक्त दाताओं के प्रति आभार ज्ञापन निदेशक डॉ सी. पी. चंद्र ठाकुर व अपर निदेशक डॉ. कामेश्वर सिंह ने की।